पंचम अध्याय

अथैवं सम्यक्चारित्राराधनां व्याख्यायेदानीं विघ्यानाङ्र:ारादीत्याद्येषणासमितिसूत्राङ्र:भूताम् ----

घ्उद्गमोत्पादनाहार: संयोग: सप्रमाणक:
अङ्र:ारभूमौ हेतुश्च पिण्डशुध्दिर्मताष्टधा[ ]

इत्यष्टप्रकारां पिण्डशुध्दिभिधातुकाम: प्रथमं तावत् पिण्डस्य संक्षेपतो विधिनिषेधुमुखेनायोग्यत्वे (न योग्यायोग्यत्वे) निर्दिशति ---

षट्चत्वारिंशता दोषै: पिण्डोऽध:कर्मणा मलै:
द्विसप्तैश्चोज्झितोऽविघ्नं योज्यस्त्याज्यस्तथार्थत: १

द्विसप्ते :-- चतुर्दशभि: द्वि: सप्तेति विगृह्यसंख्यावाङ्डो बहुगणात्इति अविघ्नं --- विघ्नानामन्तरायाणामभावे सत्यभावेन वा हेतुना अर्थत: --- निमित्तं प्रयोजनं चाश्रित्य १

इस प्रकार चतुर्थ अध्यायमें सम्यक्चारित्राराधनाका कथन करके एषणा समितिकी अंगभूत आठ प्रकारकी पिण्ड शुध्दिको कहना चाहते हैं वे आठ पिण्डशुध्दियाँ इस प्रकार हैं ---

उद्गम शुध्दि, उत्पादन शुध्दि, आहार शुध्दि, संयोग शुध्दि, प्रमाण शुध्दि, अंगार शुध्दि, धूम शुध्दि और हेतु शुध्दि

किन्तु इनके कथनसे पूर्व संक्षेपसे पिण्डकी योग्यता और अयोग्यताका विधिमुख और निषेधमुखसे निर्देश करते हैं ---

निमित्त और प्रयोजनके आश्रयसे छियालीस दोषोंसे, अध:कर्मसे और चौदह मलोंसे रहित आहार अन्तरायोंको टालकर ग्रहण करना चाहिए तथा यदि ऐसा न हो तो उसे छोड़ देना चाहिए १

विशेषार्थ --- पिण्डका अर्थ आहार है जो आहार छियालीस दोषोंसे अध:कर्मसे और चौदह मलोंसे रहित होता है वह साधुओंके ग्रहण करनेके योग्य होता हैं साधु ऐसे निर्दोष आहारको भोजनके अन्तरायोंको टालकर ही स्वीकार करते हैं उनमें सोलह उद्गम दोष, सोलह उत्पादन दोष, दस शंकित आदि दोष, चार अंगार, धूम, संयोजन और प्रमाण दोष ये सब छियालीस दोष हैं अध:कर्मका लक्षण आगे कहेंगे चौदह मल हैं यदि इनमेंसे कोई दोष हो तो साधु उस आहारको ग्रहण नहीं करतें जो नियम आहारके विषयमें है वही औषध आदिके भी सम्बन्धमें जानना चाहिए ॥ १ ॥

पिंडे उग्गम उप्पायणेसणा संयोयणा पमाणं च
इंगालधूमकारण अट्ठविहा पिंड निज्जुत्तीं ११ -- पिण्ड निर्युक्ति मूलाचार ६ २

अथोद्गमोत्पादनदोषाणां स्वरुपसंख्यानिश्चयार्थमाह ---

दातु: प्रयोगा गत्यर्थे भक्तादौ षोडशोद्गमा:
औद्देशिकाद्या धात्र्याद्या:षोडशोत्पादना यते:[२]

प्रयोगा :-- अनुष्ठानविशेषा: भक्तादौ -- आहारौषधवसत्युपकरणप्रमुखे देयवस्तुनि यते: प्रयोगा इत्येव[२]

अथापरदोषोद्देशार्थमाह ---

शङ्किताद्या दशान्नेऽन्ये चत्वारोऽङ्गारपूर्वका:
षट्चत्वारिंशदन्योऽध: कर्म सूनाङ्घ्रिहिंसनम्[३]

षट्चत्वारिंशत् पिण्डदोषेभ्योऽन्यो --- भिन्नोऽयं दोषो महादोषत्वात् सूनाङ्घ्रिहिंसनम् --- सूनाश्चुल्ल्याद्या: पञ्च हिंसास्थानानि ताभिरङ्घ्रिनां षट्जीवनिकायानां हिंसनं दु:खोत्पादनं मारणं वा अथवा शूनाश्चाङ्घ्रिहिंसनं चेति ग्रह्यम् एतेन वसत्यादिनिर्माणसंस्कारादिनिमित्तमपि प्राणिपीडनमध:कर्मैवेत्युक्तं स्यात् तदेतदध:कर्म गृहस्थाश्रितो निकृष्टव्यापार: अथवा सूनाभिरङ्घ्रिहिंसनं यत्रोत्पाद्यमाने भक्तादौ तदध :- कर्मेत्युच्यते, कारणे कार्योपचारात् तथात्मना कृतं परेण वा कारितं, परेण वा कृतामात्मनानुमतं दूरत: संयतेन त्याज्यम् गार्हस्थ्यमेतद् वैयावृत्यादिविमुक्तामातमभोजननिमित्तं यद्येतत् कुर्यात् तदा न श्रमण: किन्तु गृहस्थ: स्यात् उक्तंच ---

छज्जीवनिकायाणं विराहणोद्दावणेहि णिप्पण्णं
आधाकम्मं णेयं सयपरकदमादसंपण्णं [मूलाचार, गा. ४२४][३]

आगे उद्गम और उत्पादन दोषोंका स्वरुप तथा संख्या कहते हैं ---

यतिके लिए देय आहार, औषध, वसति और उपकरण आदि देनेमें दाताके द्वारा किये जानेवाले औदेशिक आदि सोलह दोषोंको उद्गम दोष कहते हैं तथा यतिके द्वारा अपने लिए भोजन बनवावे सम्बन्धी धात्री आदि दोषोंको उत्पादन दोष कहते हैं उनकी संख्या भी सोलह है अर्थात् उद्गम दोष भी सोलह हैं और उत्पादन दोष भी सोलह हैं उद्गम दोषोंका सम्बन्ध दातासे है और उत्पादन सम्बन्धी दोषोंका सम्बन्ध यतिसे है[२]

शेष दोषोंको कहते हैं ---

आहारके सम्बन्धमें शंकित आदि दस दोष हैं तथा इन दोषोंसे भिन्न अंगार आदि चार दोष हैं इस तरह सब छियालीस दोष हैं इन छियालीस दोषोंसे भिन्न अध:कर्म नामक दोष है चूल्हा, चक्की, ओखली, बुहारी और पानीकी घड़ोची ये पाँच सूनाएँ हैं इनसे प्राणियोंकी हिंसा अध:कर्म नामक महादोष है[३]

विशेषार्थ --- भोजन सम्बन्धी अध:कर्म नामक दोषसे यह फलित होता है कि वसति आदिके निर्माण या मरम्मत आदिके निमित्तसे होनेवाली प्राणिपीड़ा भी अध:कर्म ही है ं इसीसे अधोगतिमें निमित्त कर्मकी अध:कर्म कहते हैं, यह सार्थक नाम सिध्द होता है ं यह अध:कर्म गृहस्थोचित निकृष्ट व्यापार है ं अथवा जहाँ बनाये जानेवाले भोजन आदिमें सूनाओंके द्वारा प्राण्यिोंकी हिंसा होती है वह अध:कर्म है ं यहाँ कारणमें कार्यका उपचार है ं ऐसा भोजन स्वयं किया हो, दूसरेसे कराया हो, या दूसरेने किया हो और उसमें अपनी अनुमति हो तो मुनिको दूरसे ही त्याग देना चाहिए ं यह तो गृहस्थ अवस्थाका काम है ं यदि कोई मुनि अपने भोजनके लिए यह सब करता है तो वह मुनि नहीं है, गृहस्थ है ं

अथोद्गमोत्पादनानामन्वर्थतां कथयाति ---

भक्ताद्युद्गच्छत्यपथ्यैर्यैर्यैरुत्पाद्यते च ते ं
दातृयत्यो: क्रियाभेदा उद्गमोत्पादना: क्रमात् ं४

उद्गच्छति --- उत्पद्यते, अपथ्यै :- मार्गविरोधिभि: दोषत्वं वैषामध:कर्मांशसंभवात् ं ४
अथोद्गमभेदानामुद्देशानुवादपुर:सरं दोषत्वं समर्थयितुं श्लोकद्वयमाह ---

उद्दिष्टं साधिकं पूति मिश्रं प्राभृतकं बलि: ं
न्यस्तं प्रादुष्कृतं क्रीतं प्रामित्यं परिवर्तितम् ं५
निषिध्दाभिह्रतोद्भिन्नाच्छेद्यारोहातथोद्गमा: ं
दोषा हिंसानादरान्यस्पर्शदैन्यादियोगत: ं६

प्रादुष्कृतं --- प्रादुष्कराख्यम् ं५ अन्यस्पर्श:- पाश्वस्थपाषण्डादिबुप्ति: (-दिक्षुप्तम्) ं दैन्यादि:- आदिशब्दात् विराधकारुण्याकीर्त्यादि ं६

अथौद्देशिकं सामान्यविशेषाभ्यां निर्दिशति ---

तदौद्देशिकमन्नं यद्देवतादीनलिङ्ग्रिन: ं
सर्वपाषण्डपार्श्वस्थसाधून् वोद्दिश्य साधितम् ं७

मूलाचारमें कहा हैं --- पृथिवीकायिक, जलकायिक, तैजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और त्रसकायिक जीवोंकी विराधना अर्थात् दु:ख देना और मारनेसे निष्पन्न हुआ आहारादि अध:कर्म हैं वह स्वकृत हो, या परकारित हो या अनुमत हो ं ऐसा भोजनदि यदि अपने लिए प्राप्त हो तो साधुको दूरसे ही त्यागना चाहिए ं ३
आगे उद्गम और उत्पादन शब्दोंको अन्वर्थ बतलाते हैं ---

दाताकी जिन मार्गविरुध्द क्रियाओंके द्वारा आहारादि उत्पन्न होता है उन क्रियाओंको क्रमसे उद्‌गम कहते हैं । और साधुकी जिन मार्गविरुध्द क्रियाओंके द्वारा आहार आदि उत्पन्न किया जाता है उन क्रियाओंको उत्पादन कहते हैं॥४॥

विशेषार्थ -- दाता गृहस्थ पात्र यतिके लिए आहार आदि बनाता है। उनके बनानेमें गृहस्थकी मार्ग विरुध्द क्रियाओंको उद्‌गम दोष कहते हैं और साधुकी मार्गविरुध्द क्रियाओंको उत्पादन दोष कहते हैं। जो बनाता है और जिसके लिए बनाता है इन दोनोंकी मार्गविरुध्द क्रियाएँ क्रमसे उद्‌गम और उत्पादन कही जाती हैं॥४॥

आगे उद्‌गमके भेदोंके नामोंका कथन करनेके साथ उनमें दोषपनेका समर्थन दो श्लोकोंसे करते हैं ---

उद्दिष्ट अर्थात् औद्देशिक, साधिक, पूति, मिश्र, प्राभृतक, बलि, न्यस्त, प्रादुष्कृत या प्रादुष्कर, क्रीत, प्रामित्य, परिवर्तित, निषिध्द, अभिहृत, उदिन्न, अच्छेद्य और आरोह ये सोलह उद्‌गम दोष हैं। इनमें हिंसा, अनादर, अन्यका स्पर्श, दीनता आदिका सम्बन्ध पाया जाता है इसलिए इनको दोष कहते हैं॥५-६॥

आगे सबसे पहले औद्देशिकका सामान्य और विशेष रुपसे कथन करते हैं ---

जो भोजन नाग-यक्ष आदि देवता, दीनजनों और जैन दर्शनसे बहिर्भूत लिंगके धारी साधुओंके उद्देशसे अथवा सभी प्रकारके पाखण्ड, पार्श्वस्थ, निर्ग्रन्थ आदिके उद्देशसे बनाया गया हो वह औद्देशिक है ॥७॥

देवता: - नागयक्षादय:। दीना:---कृपणा:। लिङ्गिन: -- जैनदर्शनबहिर्भूतानुष्ठाना: पाषण्डा:। सर्वे -- अविशेषेण गृहस्थपाषण्डादय:। साधव :-- निर्ग्रन्था:। उद्दिश्य --- निमित्तीकृत्य। सर्वाद्युद्देशेन च कृतमन्नं क्रमेणोद्देशादि (-- भेदा) च्चतुर्धा स्यात्। तथाहि --- य: कश्चिदायास्यति तस्मै सर्वस्मै दास्यामीति सामान्योद्देशेन साधितमुद्देश इत्युच्चते। एवं पाषण्डानुद्दिश्य साधितं समुद्देश:, पार्श्वस्थानादेश:, साधुश्चं समादेश इति॥७॥

अथ सधितं द्विधा लक्षयति ---

स्याद्दोषोऽधिरोधो यत्स्वपाके यतिदत्तये।
प्रक्षेपस्तण्डुलादीनां रोधो वाऽऽपचनाद्यते:॥८॥

स्वपाके --- स्वस्य दातुरात्मनो निमित्तं पच्चमाने तण्डुलादिधान्ये जले वाऽधिश्रिते । आपचनात्पाकान्तं यावत्॥८॥

अथाप्रासुकमिश्रणपूतिकसंकल्पनाभ्यां द्विविधं पूतिदोषमाह ---

पूति प्रासु यदप्रासुमिश्रं योज्यमिदं कृतम्।
नेदं वा यावदार्येभ्यो नादायीति च कल्पितम्॥९॥

विशेषार्थ -- मूलाचार (४२६ गा.) में औद्देशिकके चार भेद किये हैं -- उद्देश, समुद्देश, आदेश और समादेश ं जो कोई भी आयेगा उन सबको दूँगा, इस प्रकार सामान्य उद्देशसे साधित भोजन उद्देश है ं इसी तरह पाखण्डीके उद्देशसे बनाया गया भोजन समुद्देश है ं श्रमणोंके उद्देशसे बनाया गया भोजन आदेश है और निर्ग्रन्थोंके उद्देशसे बनाया गया भोजन समादेश है ं श्वे. पिण्डनियुक्तिमें भी ये भेद हैं ं इतना ही नहीं, किन्तु मूलाचार गा. २६ और पिण्ड निर्युक्ति गा. २३० भी समान हैं ं पिण्ड निर्युक्तिमें औद्देशिकके अन्य भी भेद किये हैं ं७

दूसरे भेद साधिकका स्वरुप दो प्रकारसे कहते हैं ---

अपने लिए पकते हुए चावल आदिमें या अदहनके जलमें घ्मैं आज मुनिको आहार दूँगाङ इस संकल्पके साथ चावल आदि डालना अध्यधिरोध नामक दोष हैं ं अथवा अन्न पकनेतक पूजा या धर्म सम्बन्धी प्रश्नोंके बहानेसे साधुको रोके रखना अध्यधिरोध नामक दोष है ं८

विशेषार्थ --- साधिका दोषका दूसरा नाम अध्यधिरोध है ं पिण्ड निर्युक्तिमें इसका नाम अध्यवपूरक है ं अपने लिए भोजन पकानेके उद्देश्यसे आगपर पानी रखा या चावल पकनेको रखे ं पीछे मुनिको दान देनेके विचारसे उस जलमें अधिक जल डालना या चावलमें अतिरिक्त चावल डालना साधिक या अध्यधिरोध दोष हैं ं अथवा भोजनके पकनेमें विलम्ब देखकर धर्मचर्चाके बहानेसे भोजनके पकनेतक साधुको रोके रखना भी उक्त दोष है ं८

दो प्रकारके पूति दोषको कहते है ---

पूति दोषके दो प्रकार हैं --- अप्रासुमिश्र और कल्पित ं जो द्रव्य स्वरुपसे प्रासुक है उसमें अप्रासुक द्रव्य मिला देला अप्रासुकमिश्र नामक प्रथम पूति दोष है ं तथा इस चूल्हेपर

१. तिकर्मक----भ. कु. च. ं

प्रासु --- स्वरुपेण प्रासुकमपि वस्तु पूति अप्रासुमिश्रम् ं अयमाद्य: पूतिभेद: ं इदं कृतं --- अनेन चुल्ल्यादिना अस्मिन् वा साधितं इदं भोजनगन्धादि ं तथाहि --- अस्यां चुल्ल्यां भोजनादिकं निष्पाद्य यावत् साधुभ्यो न दत्तं तावदात्मन्यन्यत्र वा नोपयोक्तव्यमिति पूतिकर्मकल्पनाप्रभव एक: पूतिदोष: ं एवमुदूखलदर्वीपात्रशिलास्वपि कल्पनया चत्वारोऽन्येऽभ्यूह्या ं उक्तं च ---

मिश्रमप्रासुना प्रासु द्रव्यं पूतिकामिष्यते ं
चुल्लिकोदूखलं दर्वीपात्रगन्धौ च पञ्चधा ं [ ]

गान्धोऽत्र शिला ं इदं चेति टीकामतसंग्रहार्थमुक्तम् ं तथाहि ---
घ्यावदिदं भोजनं गन्धो वा ऋषिभ्यो नादायि न तावदात्मन्यन्यत्र वा कल्पर्ते
उक्त च ---

घ्अप्पासुएण मिस्सं पासुयदव्वं तु पूतिकम्मं तु ं
चुल्ली य उखुली दव्वी भोयणगंधत्ति पंचविहं ं [मूलाचार ४२८ गा.] ं९

अथ मिश्रदोषं लक्षयति ---

बनाया गया यह भोजन जबतक साधुके न दिया जाये तबतक कोई इसका उपयोग न करे, यह कल्पित नामका दूसरा पूति दोष है॰९॰

विशेषार्थ---मूलाचारकी संस्कृत टीकामें इस दोषका स्वरुप इस प्रकार कहा है--- अप्रासुक अर्थात् सचित आदिसे मिला हुआ आहार आदि पूति दोष है॰ उसके पाँच भेद हैं---चूल्हा, ओखली, दर्वी, भोजन और गन्ध॰ चूल्हेपर भात वगैरह पकाकर पहले साधुओंको दूँगा पीछे दूसरोंको, ऐसा संकल्प करनेसे प्रात्सुक भी द्रव्य पुति कर्मसे निष्पन्न होनेसे पूति दोषसे युक्त कहा जाता है॰ इसी तरह इस ओखलीमें कूटकर अन्न जबतक ऋषियोंको नहीं दूँगा तबतक न मैं स्वयं लूँगा न दूसरोको दूँगा॰ इस प्रकार निष्पन्न प्रात्सुक भी द्रव्य पूति कहता है॰ तथा इस करछुलसे निष्पन्न द्रव्य जबतक यतियोंको नहीं दूँगा तबतक यह न मेरे योग्य है न दूसरोंके, यह भी पूति दोष है॰ तथा इस भाजनसे निष्पन्न द्रव जबतक ऋषियोंको नही दूँगा तबतक न अपने योग्य है न दूसरोंके, वह भी पूति दोष है॰ तथा यह गन्ध जबतक भोजनपूर्वक ऋषियाको न दी जाये तबतक न मै लूँगा न दूसरोंको दूँगा, इस प्रकारके हेतुसे निष्पन्न भात वगैरह पूति कर्म है॰

श्वे. पिण्डनिर्युक्तिमें पूतिकर्मके द्रव्य और भावसें दो भेद किये हैं॰ जो द्रव्य स्वभावसे गन्ध आदि गुणसे युक्त है, पीछे यदि वह अशुचि गन्धवाले द्रव्यसे युक्त हो तो उसे द्रव्य पूति कहते हैं॰ चूल्हा, ओखली, बडी करछुल ये यदि अध:कर्म दोषसे युक्त हों तो इनसे मिश्रित भोजन शुध्द होनेपर भी पुति दोषसे युक्त होता है॰ यह भाव पूति है॰ इत्यादि विस्तृत कथन है॰९॰

मिश्र दोषका लक्षण कहते हैं---

इदं वेत्याचारटी ----भ. कु. च.॰

घ्अप्पासुएण मिस्सं पासुयदव्वं तु पूतिकम्मं तु॰

चूल्लि उक्खली दव्वी भायणगंधत्ति पंचविहंङ॰ ----पिण्डशुध्दि, ९ गा.॰

पाषण्डिभिगृहस्थैश्च सह दातु प्रकल्पितम्॰

यतिम्य: प्रासुकंसिध्दमप्यन्नं मिश्रमिष्यते॰१०॰

सिध्दं---निष्पन्नम्॰१०॰

अथ कालवृध्दिहानिभ्यां द्वैविध्यमवलम्बमानं स्थूलं सूक्ष्मं च प्राभृतकंच सूचयति ---

यद्दिनादौ दिनांशे वा यत्र देयं स्थितं हि तत्॰

प्राग्दीयमानं पश्चाद्वा तत: प्राभूतकं मतम्॰११॰

दिनादौ---दिनै पक्षे मासे वर्षे च दिनाशे---पूर्वाह्णादौ स्थितं---आगमे व्यवथितम् हि---नियमेन प्रागित्यादि तथाहि---यच्छुक्लाष्टम्यां देयमिति स्थितं तदपकृष्य शुक्लपञ्चम्यां यद्दीयते, यच्च चैत्रस्य सिते पक्षे देयमिति स्थितं तदपकृष्य कृष्णे यद्दीयते इत्यादि तत्सर्व कालहानिकृतं बादरं प्राभृतकम् तथा यच्छुक्लपञ्चम्यां देयमिति स्थितं तदुत्कृष्ण शक्लाष्टम्यां यद्दीयते, यच्च चैत्रस्य कृष्णे पक्षे देयमिति स्थितं तदुत्कृष्य शुक्ले यद्दीयते इत्यादि, तत्सर्व कालवृध्दिकृतं बादरं प्राभूतकम् तथा यद् मध्या ह्ने देयमिति स्थितं

पाषाण्डी और गृहस्थोंके साथ यतियोंके भी यह भोजन मिश्र दोषसे युक्त माना जाता है[१०]

विशेषार्थ---पिण्डनिर्युक्ति (गा.२७१ आदि) में मिश्रके तीन भेद किये हैं---जितने भी गृहस्थ या अगृहस्थ भिक्षाके लिए आयेंगे उनके लिए भी पर्याप्त होगा और कुटुम्बके लिए भी, इस प्रकारकी बुध्दिसे सामान्य-से भिक्षुओंके योग्य अन्नको एकत्र मिलाकर जो पकाया जाता है वह यावदर्थिक मिश्रजात है जो केवल पाखण्डियोंके योग्य और अपने योग्य अन्न एकत्र पकाया जाता है वह साधुमिश्र है[१०]

कालकी हानि और वृध्दिकी प्राभृत दोषके दो भेद होते हैं---स्थूल और सूक्ष्म इन दोनोंका स्वरुप कहते हैं---

आगममें जो वस्तु जिस दिन, पक्ष, मास या वर्षमें अथवा दिनके जिस अंश पूर्वाह्नमें या अपराह्नमें देने योग्य कही है उससे पहले या पीछे देनेपर प्राभृतक दोष माना है[११]

विशेषार्थ---इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है---जो वस्तु शुक्लपक्षकी अष्टमीकी देय कही है उसको शुक्लपक्षकी पंचमीको देना, जो वस्तु चैत्रमासके शुक्लपक्षमें देय कही है उसे उससे पहले कृष्णपक्षमें देना, इत्यादि इस प्रकार कालकी हानि करके देना बादर प्राभृतक दोष है जो शुक्लपक्षकी पंचमीमें देय कही है उसे बढाकर शुक्लपक्षकी अष्टमीको देना तथा जो चैत्रके कृष्णपक्षमें देय है उसे बढाकर शुक्लपक्षमें देना इत्यादि इस प्रकार कालकी वृध्दि करके देना बादर प्राभृतक दोष है तथा जो मध्याह्न में देय है उसे उससे पहले पूर्वाह्नमें देना, जो अपराह्नमें देय है उसे मध्याह्नमें देना इत्यादि ये सब कालको घटाकर देनेसे सूक्ष्म प्राभृतक दोष हैं तथा जो पूर्वाह्नमें देय है उसे कालको बढाकर मध्याह्नमें देना, यह कालवृध्दिकृत सूक्ष्म प्राभृतक दोष है मूलाचारमें कहा है---

पाहुडिहं पुण दुविहं बादर सुहुमं च दुविह मेक्केक्कं
ओकस्सणमुक्कस्सण महकालोवट्टणां वड्ढी
दिवसे पक्खे मासे वास परत्तीय बादरं दुविहं
पुव्वपरमज्झवेलं परिसत्तं दुविह सुहुमं च---मूलाचार, पिण्ड. १३-१४ गा.

(तदपकृष्य पूर्वाह्ने यद्दियते, यच्चापराह्ने देयमिति स्थितं तदपकष्य मध्याह्ने यद्दीयते इत्यादि तत्सर्व कालहानिकृतं सूक्ष्मं प्राभृतकं भण्यते तथा यत् पूर्वाह्ने देयमिति स्थितं) तदुत्कृष्य मध्याह्नादौ यद्दीयते तत्सर्ब कालवृध्दिकृतं सूक्ष्मं प्राभृतकम् तथा चोक्तम्---

घ्द्वेधा प्राभूतकं स्थूलं सूक्ष्मं तदुभयं द्विधा

अवसर्पस्तथोत्सर्पः कालहान्यतिरेकतः॰

घ्परिवृत्या दिनादिनां द्विविधं बादरं मतम्॰

दिनस्याद्यन्तमध्यानां द्वेधा सूक्ष्मं विपर्ययात्॰ [ ] ॰११॰

अथ बलिन्यस्ते लक्षयति----

यक्षादिबलिशेषोऽर्चायावद्यं वा यतौ बलिः॰

न्यस्तं क्षिप्त्वा पाकपात्रात्पात्यादौ स्थापितं क्वचित्॰ १२॰

यक्षादिबलिशेषः - यक्षनागमातृकाकुलदेवतापित्राद्यर्थ यः कृतो बलिस्तस्य शेषो दत्तावशिष्टोंऽशः॰ अर्चासावद्यं - यतिनिमित्तं चन्दनोद्गालनादिः॰ पातिः - पात्रविशेषः॰ क्वचित् - स्वगृहे वा स्थाप- निकायां धृतम्॰ तच्चान्यदात्रा दीयमानं विरोधादिकं कुर्यादिति दुष्टम्॰ १२॰

प्राभृतकके दो भेद हैं - बादर और सूक्ष्म॰ इनमें- से भी प्रत्येकके दो भेद हैं - उत्कर्षण और अपकर्षण॰ उत्कर्षण अर्थात् कालवृध्दि, अपकर्षण अर्थात् कालहानि॰ दिवस, पक्ष, मास और वर्षमें हानि या वृध्दि करके देनेसे बादरके दो भेद हैं और पूर्वाह्न, अपराह्न एवं मध्याह्नकी वेलाको घटा - बढाकर देनेसे सूक्ष्म प्राभृतकके दो भेद हैं॰

पिण्डनिर्युक्ति (गा. २८५ आदि) में भी भेद तो ये ही कहे हैं किन्तु टीकामें उनका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है - विहार करते हुए समागत साधुओंको देखकर कोई श्रावक विचारता है - यदि ज्योतिषियोंके द्वारा बतलाये गये दिन विवाह करुँगा तो साधुगण विहार करने चले जायेंगे॰ तब मेरे विवाहमें बने मोदक आदि साधुओंके उपयोगमें नहीं आ सकेंगे॰ ऐसा सोचकर जल्दी विवाह रचाता है॰ या यदि विवाह जल्दी होनेवाला हो और साधु समुदाय देरमें आनेवाला हो तो विवाह देरसे करता है यह बादर प्राभृतक दोष है॰ कोई स्त्री बैठी सूत कातती है॰ बालक भोजन माँगता है तो कहती है - रुईकी पूनी बना लूँ तो तुमें भोजन दूँगी॰ इसी बीचमें यदि साधु आते हुए सुन ले तो वह नहीं आता है क्योंकि उसके आनेसे उसे साधुके लिए जल्दी उठना होगा और उसने जो बालकसे पूनी कातनेके पश्चात् भोजन देनेकी प्रतिज्ञा की थी उससे पहले ही भोजन देनेपर अवसर्पण दोष होता है॰ अथवा कातती हुई स्त्री बालकक भोजन माँगनेपर कहती है - किसी दूसरे कमसे उठूँगी तो तुझे भी भोजन दूँगी॰ इसी बीचमें यदि साधु आये और उसकी बात सुन ले तो लौट जाता है॰ अथवा साधुके न सुननेपर भी साधुके आनेपर बालक माँसे कहता है - अब क्यों नहीं उठती, अब तो साधु आ गये, अब तो तुम्हें उठना ही होगा, अब तो साधुके कारण हमें भी भोजन मिलेगा॰ बालकके ये वचन सुनकर साधु भोजन नहीं लेता॰ यदि ले तो अवसर्पणरू प सूक्ष्म प्राभृतिका दोष लगता है॰ इसी तरह उत्सर्पणरू प दोष भी जानना॰ ११॰

बलि और न्यस्त दोषका स्वरू प कहते हैं -

यक्ष, नाग, कुलदेवता, पितरों आदिके लिए बनाये गये उपहारमें - से बचा हुआ अंश साधुको देना बलि दोष है॰ अथवा यतिके निमित्तसे फूल तोडना आदि सावद्य पूजाका

अथ प्रादुष्कारक्रीते निर्दिशति -

पात्रादे: संक्रम: साधौ कटाद्याविष्क्रियाऽऽगते॰
प्रादुष्कार: स्वान्यगोर्थविद्याद्यै: क्रीतमाहृतम्॰ १३॰

प्रादुष्कार: अथ संक्रम: प्रकाशश्चेति द्वेधा॰ तत्र संयते गृहमायाते भाजनभोजनादीनामन्यस्थानादन्यस्थाने नयनं संक्रम:॰ कटकपाटकाण्डपटाद्यपनयनं भाजनादीनां भस्मादिनोदकादिना वा निर्माजनं प्रदीपज्वलनादिकंच प्रकाश:॰ उक्तं च -

संक्रमश्च प्रकाशश्च प्रादुष्कारो द्विधा मत:॰
एकोऽत्र भाजनादीनां कटादिविषयोऽपर:॰ [ ]

स्वेत्यादि - स्वस्यात्मन: सचित्तद्रव्यैर्वृषभादिभिरचित्तद्रव्यैर्वा प्रज्ञप्त्यादिविद्याचेष्ट-कादिमन्त्रलक्षणै: परस्य वा तैरुभयैर्द्रव्यभावैर्यथा संभवमाहृतं संयतं (- ते) भिक्षायां प्रविष्टे तां दत्वा नीतं यभ्दोज्यद्रव्यं तत् क्रीतमिति दोष: कारुण्यदोषदर्शनात्॰ उक्तं च -

क्रीतं तु द्विविधं द्रव्यं भाव: स्वकपरं द्विधा॰
सचित्तादिभवो द्रव्यं भावो द्रव्यादिकंतथा॰॰ १३॰

आयोजन बलि है॰ भोजन पकानेके पात्रसे अन्य पात्रमें भोजन निकालकर कहीं अन्यत्र रख देना न्यस्त या स्थापित दोष है॰ ऐसे भोजनको यदि रखनेवालेसे कोई दूसरा व्यक्ति उठाकर दे देवे तो परस्परमें विरोध होनेकी सम्भावना रहती है॰ १२॰

प्रादुष्कार और क्रीत दोषको कहते हैं -

साधुके घरमें आ जानेपर भोजनके पात्रोंको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर ले जाना संक्रम नामक प्रादुष्कार दोष है॰ साधुके घरमें आ जानेपर चटाई, कपाट, पर्दा आदि हटाना, बरतनोंको माँजना- धोना, दीपक जलाना आदि प्रकाश नामक प्रादुष्कार दोष है॰ साधुके भिक्षाके लिए प्रवेश करनेपर अपने, पराये या दोनोंके सचित्त द्रव्य बैल वगैरहसे अथवा अचित्त द्रव्य सुवर्ण वगैरहसे या विद्यामन्त्रादि रू प भावोंसे या द्रव्य भाव दोनोंसे खरीदा गया भोज्य द्रव्य क्रीत दोषसे युक्त होता है॰ १३॰

विशेषार्थ - मूलाचार (६॰१५॰१६) में कहा है -प्रादुष्कारके दो भेद हैं॰ भोजनके पात्रोंको एक स्थानसे दूसरे स्थानपर ले जाना संक्रमण है॰ मण्डपमें प्रकाश करना प्रकाश दोष है॰ङ

क्रीतके दो भेद हैं - द्रव्य और भाव॰ दोनोंके भी दो-दो भेद हैं - स्वद्रव्य - परद्रव्य, स्वभाव परभाव॰ गाय- भैंस वगैरह सचित द्रव्य है॰ विद्या मन्त्र आदि भाव है॰ मुनिके भिक्षाके लिए प्रविष्ट होनेपर अपना या पराया सचित आदि द्रव्य देकर तथा स्वमन्त्र - परमन्त्र या स्वविद्या- परविद्याको देकर आहार खरीदकर देना क्रीत दोष है॰ इससे साधुके

तान् भ. कु. च.

घ्पादुक्कारो दुविहो संकमण पयासणा य बोधव्वो

भायणभोयणदीणं मंडवविरलादियं कमसौं

घ्कीदयणं पुण दुविहं दव्वं भावं च सगपरं दुविहं

सच्चित्तादीदव्यं विज्जामंतादि भावं चङ

अथ प्रामित्यपरिवर्तितयो: स्वरू पमाह -

उध्दारानीतमन्नादि प्रामित्यं वृध्दयवृध्दिमत्

व्रीह्यन्नाद्येन शाल्यन्नाद्युपात्तं परिवर्तितम् १४

वृध्दवृध्दिमत् इ सवृध्दिकमवृध्दिकंचेत्यर्थ: उक्तं च -

भक्तादिकमृणं यच्च तत्प्रामित्यमुदाहृतम्

तत्पुनर्द्विविधं प्रोक्तं सवृध्दिकमथेतरत् [ ]

दोषत्वं चास्य दातु: क्लेशायासधरणादिकदर्थनकरणात् ब्रीह्यन्नं इ षष्ठिकभक्तम् उपात्तं इ साधुभ्यो दास्यामीति गृहीतम् दोषत्वं चास्य दातु: क्लेशकरणात् उक्तं च -

ब्रीहिभक्तादिभि: शालिभक्ताद्यं स्वीकृतं च यत्

संयतानां प्रदानाय तत्परीवर्तमिष्यते [ ] १४

चित्तमें करुणाभाव उत्पन्न होता है पिण्ड निर्युक्ति (गा. २९९ आदि) में भी प्रादुष्करणके ये दो भेद किये हैं उनका स्पष्टीकरण करते हुए लिखा है - तीन प्रकारके चूल्हे होते हैं - एक घरके अन्दर जिसे बादर भी रखा जा सकता है, दूसरा बाहर जो पहलेसे बना है, तीसरा जो बाहरमें साधुके निमित्त बनाया गया है साधुको आता देखकर गृहिणी सरलभावसे कहती है - महाराज ! आप अन्धकारमें भिक्षा नहीं लेते इसलिए बाहर ही बनाया है अथवा साधुके दोषकी आशंकासे पूछनेपर गृहिणी सरलभावसे उक्त उत्तर देती है यह संक्रमण प्रादुष्करण दोष है प्रकाशके लिए दीवारमें छेद करनेपर या छोटे द्वारके बडा करनेपर या दूसरा द्वार बनवानेपर या दीपक आदि जलानेपर साधु यदि पूछे तो सरल भावसे उक्त उत्तर देनेपर साधु प्रादुष्करण्ण दोषसे दुष्ट भोजन नहीं करते क्रीत दोषका कथन भी उक्त प्रकार है अनेक दृष्टान्तोंकेद्वारा उसे स्पष्ट किया है १३

प्रामित्य और परिवर्तित दोषोंका स्वरू प कहते हैं -

मुनिको दान देनेके लिए जो अन्न आदि उधार रू पसे लिया जाता है वह प्रामित्य दोषसे युक्त है वह दो प्रकारका होता है - एक वृध्दिमत् अर्थात् जिसपर व्याजके रू पमें लौटाते समय कुछ अधिक देना

होता है और दूसरा अवृध्दिमत् अर्थात् बेव्याज ँ साँठी चावल आदिके बदलेमें शालिचावल आदि लेना परिवर्तित दोष है ँ १४ ँ

विशेषार्थ - जब किसीसे कोई अन्न वगैरह उधार लिया जाता है तो मापकर लिया जाता है इसीसे इस दोषका नाम प्रामित्य है ँ जो प्रमितसे बना है ँ प्राकृत शब्दकोशमें पामिच्चका अर्थ उधार लेना है ँ इसीसे मूलाचारके संस्कृत टीकाकारने इसे ऋणदोष नाम दिया है ँ लिखा है - चर्याके लिए भिक्षुके आनेपर दाता दूसरेके घर जाकर खाद्य वस्तु माँगता है - च तुम्हें चावल आदि वृध्दि सहित या वृध्दिरहित दूँगा मुझे खाद्य वगैरह दो ँछ इस प्रकार लेकर मुनियोंको देता है ँ यह प्रामित्य दोष है क्योंकि दाताके लिए क्लेशका कारण होता है ँ पिण्ड निर्युक्तिमें एक कथा देकर बतलाया है कि कैसे यह ऋण दाताके कष्टका कारण होता है ँ इसी तरह साधुको बढिया भोजन देनेकी भावनासे मोटे चावलके बदलेमें बढिया चावल आदि लेकर साधुको देना परावर्त दोष है ँ यह भी दाताके क्लेशका कारण होता है ँ दाताके जो कुछ जैसा भी घरमें हो वही साधुको देना चाहिए ँ १४ ँ

अथ निषिध्दं सभेदप्रभेदमाह -

निषिध्दमीश्वरं भर्त्रा व्यक्ताव्यक्तोभयात्मना ँ
वारितं दानमन्येन तन्मन्येन त्वनीश्वरम् ँ १५ ँ

भर्त्रा - प्रभुणा ँ व्यक्त: - प्रेक्षापूर्वकारी वा वृध्दो वाऽसारक्षी वा ँ आरक्षा मन्त्र्यादय: ँ सहारक्षैर्वर्त्यत इति सारक्ष: स्वामी ँ न तथाभूतो य: सोऽसारक्ष: स्वतन्त्र इत्यर्थ: ँ अव्यक्त: - अप्रेक्षापूर्वकारी वा बालो वा सारक्षो वा ँ उभय: - व्यक्ताव्यक्तरू प: ँ दानं - दीयमानमौदनादिकम् ँ तन्मन्येन -- भतरिमात्मानं मन्यमनेन अमात्यादिना ँ तद्यथा - निषिध्दाख्यो दोषस्तावदीश्वरोऽनीश्वरश्चेति द्वेधा ँ तत्राप्याद्यस्त्रेधा ँ व्यक्तेश्वरेण वारितं दानं यदा साधु गृह्णाति तदा व्यक्तेश्वरी नाम दोष: ँ यदा अव्यक्तेन वारितं गृह्णाति तदाऽव्यक्तेश्वरी नाम ँ यदैकेन दानपतिना व्यक्तेन द्वितीयेन चाव्यक्तेन वारितं गृह्णाति तदा व्यक्ताव्यक्तेश्वरी नाम तृतीय ईश्वराख्यस्य निषिध्दभेदस्य भेद: स्यात् ँ एवमनीश्वरेऽपि व्याख्येयम् ँ यच्चैकेन दीयते अन्येन च निषिध्दयते नेष्यते वा तदपि गृह्यमाणं दोषाय स्याद् विरोधापायाद्यनुषङ्गाविशेषात् ँ यत्पुन: -

अणिसिट्ठं पुण दुविहं ईस्सर णिस्सर ह णिस्सरं व दुवियप्पं ँ
पढमेस्सर सारक्खं वत्तावत्तं च संघाडं ँ [मूलाधार-गा. ४४४]

इत्यस्य टीकायां बहुधा व्याख्यान (- तं) तदत्रैव कुशलै: स्वबुध्दयाऽवतारयितुं शक्यत इति न सूत्रविरोध: शङ्क्य: ँ १५ ँ

भेद - प्रभेद सहित निषिध्द दोषको कहते हैं -

व्यक्त, अव्यक्त और उभयरू प स्वामीके द्वारा मना की गयी वस्तु साधुको देना ईश्वर निषिध्द नामक दोष है ं और अपनेको स्वामी माननेवाले किसी अन्यके द्वारा मना की गयी वस्तुका दान देना अनीश्वर निषिध्द नामक दोष है ं १५ ं

विशेषार्थ - मूलचारमें उसकी संस्कृत टीकामें आचार्य वसुनन्दीने इस दोषका नाम अनीशार्थ दिया है ं उसका व्याख्यान करते हुए उन्होंने लिखा है---इसके दो भेद हैं---ईश्वर और अनीश्वर ं अनीश अर्थात अप्रधान अर्थ जिस ओदन आदिका कारण है वह भात वगैरह अनीशार्थ है ं उसके ग्रहण जो दोष है उसका नाम भी अनीशार्थ है ं कारणमें कार्यका उपचार है ं वह अनीशार्थ ईश्वर और अनीश्वरके भेदसे दो प्रकारका है ं उस दो प्रकारके भी चार प्रकार हैं ं स्वामी दान देना चाहता है और सेवक रोकते हैं ऐसे अन्नको ग्रहण करनेसे ईश्वर नामक अनीशार्थ दोष होता है ं उसके भी तीन भेद हैं---व्यक्त, अव्यक्त और व्यक्ताव्यक्त ं जो अपना अधिकार स्वयं रखता है परकी अपेक्षा नहीं करता वह व्यक्त है ं जो परकी अपेक्षा रखता है वह अव्यक्त है ं ऐसे दो व्यक्तियोंको उभय कहते हैं ं इसी तरह अनीश्वर दोषके भी तीन भेद होते हैं ं दानका स्वामी दान देना चाहे और दूसरा रोके तो ईश्वर अनीशार्थ दोष है और जो स्वामी नहीं है वह दे तो अनीश्वर अनीशार्थ दोष है ं ऐसा प्रतीत होता है कि टीकाकार प्रकृत विषयमें स्पष्ट नहीं थे ं उन्होंने अथवा करके कई प्रकारसे भेदोंकी संगतति बैठानेका प्रयत्न किया है ं पहले दोषका नाम

निषिध्दत्वेनेष्यते भ. कु. च. ं
इस्सरमह णिस्सरं च दुवि---मूलाचार ं
घ्अणिसट्ठं पुण दुविहं इस्सर मह णिस्सरं च दुवियप्पं ं
पढमिस्सर सारक्खं वत्तावत्तं च संघाडंङ ं---३ं२५

अथाभिहृतदोष व्याचष्टे ---

त्रीन् सप्त वा गृहान् पङ्क्त्या स्थितानमुक्त्वाऽन्यतोऽखिलात् ं
देशादयोग्यमायातमन्नाद्यभिहृतं यते: ं१६ं

अन्यत:---उक्तविपरीतगृहलक्षणात् स्वपरग्रामदेशलक्षणाच्च ं अभिहृतं हि द्विविधं देशाभिहृतं सर्वाभिहृतं वा ं देशाभिहृतं पुनर्द्विधा-आदृतमनादृतं च ं सर्वाभिहृतं तु चतुर्धा स्वग्रामादागतं परग्रामादागतं स्वदेशादागतं परदेशादागतं चेति ं यत्र ग्रामे स्थीयते स स्वग्राम: ं तत्र पूर्वपाटकादपरपाटकेऽपरपाटकाच्च पूर्वपाटके भोजनादेर्नयनं स्वग्रामाभिहृतम् ं प्रचुरेर्यापथदोषर्शनात् ं एवं शेषमप्युह्यम् ं तथा चोक्तम् ---

घ्देशात: सर्वतो वापि ज्ञेयं त्वभिहृतं द्विधा ं
आदृतानादृतत्वेन स्याद्देशाभिहृतं द्विधा ं
ऋजुवृत्त्य त्रिसप्तभ्य: प्राप्तं वेश्मभ्य आदृतम् ं
तत: परत आनीतं विपरीतमनादृतम् ं
स्वपरग्रामदेशेषु चतर्धाभिहृतं परम् ं

प्राक्पश्चात्पाटकानां च शेषमप्येवमादिशेत्ʼ [ ] ʼ१६ʼ

अथोभ्दिन्नाच्छेद्यदोषयो: स्वरुपं विवृणोति---

पिहितं लाञ्छितं वाज्यगुडाद्युद्घाट्य दीयतेʼ
यत्तदुभ्दिन्नमाच्छेद्यं देयं राजादिभीषितै:ʼ१७ʼ

अनीशार्थ दिया है, पीछे अथवा करके अनिसृष्ट नाम दिया हैʼ अनिसृष्टका अर्थ होता है निषिध्दʼ पं. आशाधरजीने निषिध्द नाम दिया है श्वे. पिण्डनिर्युक्तिमें भी अनिसृष्ट नाम ही हैʼ ईश्वरें द्वारा निसृष्ट किन्तु अनीश्वरके द्वारा अनिसृष्ट या अनीश्वरके द्वारा निसृष्ट और ईश्वरके द्वारा अनिसृष्ट वस्तुका ग्रहण निषिध्द नामक दोष हैʼ१५ʼ

अभिहृत दोषको कहते हैं---

पंक्तिरुपसे स्थित तीन या सात घरोंको छोडकर शेष सभी स्थानोंसे आया हुआ भोजन आदि मुनिके अयोग्य होता हैʼ उसके ग्रहण करना अभिहृत दोष हैʼ१६ʼ

विशेषार्थ---मूलाचार (ʼ१९) में प्राकृत शब्द अभिहड हैʼ संस्कृत टीकाकारने उसका संस्कृत रुप घ्अभिघटङ रखा हैʼ और इस तरह इस दोषको अभिघट नाम दिया है जो उचित प्रतीत नहीं होताʼ अभिहडका संस्कृत रुप अभिहृत या अभ्याहृत होता हैʼ वही उचित हैʼ उसीसे उसके अर्थका बोध होता हैʼ मूलाचारमें अभिहृतके दो भेद किये हैं--- देशाभिहृत और सर्वाभिहृतʼ जिस घरमें मुनिका आहार हो उस घरकी सीधी पंक्तिमें स्थित तीन या सात घरोंसे आया हुआ भोजन आदि ग्रहण योग्य होता हैʼ यदि सीधी पंक्तिके तीन या सात घरोंके बादके घरोंसे भोजनादि आया हो या सीधी पंक्तिसे विपरीत घरोंसे आया हो, या यहाँ-वहाँके घरोंसे आया हो तो वह ग्रहण योग्य नहीं होताʼ श्वे. पिण्डनिर्युक्तिमें इस दोषका नाम अभ्याहृत हैʼ और उसका स्वरुप यही हैʼ अभ्याहृतका अर्थ होता है सब ओरसे लाया गयाʼ ऐसा भोजन अग्राह्य होता हैʼ१६ʼ

आगे उभ्दिन्न और अच्छेद्य दोषका स्वरुप कहते हैं ----

जो घी, गुड आदि द्रव्य किसी ढक्कन वगैरहसे ढका हो या किसीकी नामकी मोहर आदिसे चिह्नित हो और उसे हटाकर दिया जाता है वह उद्भिन्न कहा जाता हैʼ उसमें

पिहितं ---पिधानेन कर्दमलाक्षादिना वा संवृतम्ʼ लाञ्छितं नाम बिम्बादिना मुद्रितम्ʼ दोषत्वं चास्य पिपीलिकादिप्रवेशदर्शनात् इतिʼ राजादिभीषितै:---कुटुम्बिकैरिति शेष:ʼ यदा हि संयतानां हि भिक्षाश्रमं दृष्टा राजा तत्तुल्यो वा चौरादिर्वा कुटुम्बिकान् यदि संयतानामागतानां भिक्षादानं न करिष्यथ तदा युष्माकं द्रव्यमपरिष्यामो ग्रामाद्वा निर्वासयिष्याम इति भीषयित्वा दापयति तदा तदादीयमानमाच्छेद्यनामा दोष: स्यात् ʼ उक्तं च ----

घ्संयतश्रममालोक्य भीषयित्वा प्रदापितम्ʼ

राजचौरादिभिर्यत्तदाछेद्यमिति कीर्तितम्ँ [ ]ँ१७ँ

अथ मालारोहणदोषमाह ---

निश्रेण्यादिभिरारुह्य मालमादाय दीयते ँ
यद्द्रव्यं संयतेभ्यस्तन्मालारोहणमिष्सतेँ१८ँ

मालां---गृहोर्ध्वभागम्ँ दोषत्वं चात्र दातुरपायदर्शनात्ँ१८ँ
अथैवमुद्गमदोषान् व्याख्याय साम्प्रतमुत्पादनदोषान् व्याख्यातुमुद्दिशति---

उत्पदनास्तु धात्री दूतनिमित्ते वनीपकाजीवौ ँ
क्रोधाद्या: प्रागनुनुतिवैद्यकविद्याश्च मन्त्रचूर्णवशा:ँ१९ँ

चींटी आदि घुस जाती हैं ँ तथा राजा आदिके भयसे जो दान दिया जाता है वह अच्छेद्य कहा जाता हैँ१७ँ

विशेषार्थ---पिण्ड निर्युक्ति (गा. ३४८) में कहा है---घ्बन्द घीके पात्र वगैरहका मुख खोलनेसे छह कायके जीवोंकी विराधना होती है ँ तथा साधुके निमित्तसे पीपेका मुँह खोलनेपर उसमें रखे तेल-घीका उपयोग परिवारके लिए क्रय---विक्रयके लिए किया जाता है ँ इसी तरह बन्द कपाटोंको खोलनेपर भी जीव विराधना होती है यह उद्‌भिन्न दोष है ँङ आच्छेद्य दोषके तीन भेद किये हैं---प्रभु विषयक, स्वामी विषयक और स्तेन विषसक ँ यदि कोई स्वामी या प्रभु यतियोंके अयोग्य है ँ इसी तरह चोरोंके द्वारा दूसरोंसे बलपूर्वक छीनकर दिया गया आहार भी साधुके अयोग्य हैँ१७ँ

आगे मालारोहण दोषको कहते हैं---

सीढी आदिके द्वारा घरके ऊपरी भागमें चढकर और वहाँसे लाकर जो द्रव्य साधुओंको दिया जाता है उसे मालारोहण कहते हैंँ१८ँ

विशेषार्थ---पिण्डनिर्युक्ति (गा.३५७) में मालारोहणके दो भेद किये हैं---जघन्य और उत्कृष्ट ँ ऊँचे छीके आदिपर रखे हुए मिष्टान्न वगैरहको दोनों पैरोंपर खडे होकर उचककर लेकर देना जघन्य मालारोहण है और सीढी वगैरहसे ऊपर चढकर वहाँसे लाकर देना उत्कृष्ट मालारोहण हैँ१८ँ

इस प्रकार उद्‌गम दोषोंका कथन करके उत्पादन दोषोंको कहते हैं---

उत्पादन दोषके सोलह भेद हैं---धात्री, दूत, निमित्त, वनीपकवचन, आजीव, क्रोध, मान, माया, लोभ, पूर्वस्तवन, वत्र्चात् स्मवन, वैद्यक,विद्या,मन्त्र, चूर्ण और वशँ१९ँ

घ्उब्भिन्ने छक्काया दाणे कयविक्कए य अहिगरणं ँ
ते चेव कवाडंमि वि सविसेसा जंतुमाईसुङँ

उत्पादादयो यथोद्‌देशं वक्ष्यन्तेँ१९ँ,

अथ पञ्चधा धात्रीदोषमाह----

मार्जन-क्रीडन-स्तन्यपान-स्वापन-मण्डनम्ं
बाले प्रयोक्तुर्यत्प्रीतो दत्ते दोष: स धात्रिकां२०ं

प्रयोक्तु:---स्वयं कर्तु: कारयितुरुपदेष्टुर्वा यत्यादे: ं प्रीत:---अनुरक्तो गृहस्थ: ं धात्रिका---धात्रीसंज्ञा: ं पञ्चधा हि धात्री मार्जन-मण्डन-खेलापन-क्षीराम्बाधात्रीभेदात् ं मार्जनादिभिश्च कर्मभिर्बाले प्रयुक्तै र्भोजनादिकमुत्पाद्य भजतो मार्जनधात्र्यादिसंज्ञो दोष: पञ्चधा स्यात् स्वाध्यायविनाशमार्गदूषणादिदोषदर्शनात्ं
उक्तं च---

घ्स्नानभूषापय:क्रीडामातृधात्रीप्रभेदत:ं
पञ्चधा धात्रिकाकार्यादुत्पादो धात्रिकामल:ं [ ]ं २०ं

अथ दूतनिमित्तदोषौ व्याकरोति -

विशेषार्थ - उद्गम दोष तो गृहस्थोंके द्वारा होते हैं और उत्पादन दोष साधुके द्वारा होते हैं ं श्वेताम्बर परम्परामें भी ये १६ उत्पादन दोष कहे हैंं १९ं

पाँच प्रकारके धात्री दोषको कहते हैं -

बालकको नहलाना, खिलाना, दूध पिलाना, सुलाना और और आभूषित करना इन पाँच कर्मोंके करनेवाले साधुपर प्रसन्न होकर गृहस्थ उसे जो दान देता है वह धात्रिका दोषसे दूषित हैंं २०ं

विशेषार्थ - जो बालकका पालन- पोषण करती है उसे धात्री या धाय कहते हैं ं वह धात्री पाँच प्रकारकी होती है ं स्नान करानेवाली मार्जन धात्री है ं खिलानेवाली क्रीडन धात्री है ं दूध पिलानेवाली स्वापन धात्री है ं और भूषण आदि धारण करानेवाली मण्डन धाय है ं जो साधु गृहस्थसे कहता है कि बालकको अमुक प्रकारसे नहलाना चाहिए आदि ं और ग्रहस्थ उसके इस उपदेशसे प्रसन्न होकर उसे दान देता है और साधु लेता है तो वह साधु धात्री नामक दोषका भागी होता है ं इसी प्रकार पाँचों दोषोंको समझना ं पिण्डनिर्युक्तिमें पाँचो धात्री दोषोंके कृत और कारितकी अपेक्षा दो- दो भेद किये हैं और प्रत्येकको उदाहरण देकर विस्तारसे समझाया है ं यथा - भिक्षाके लिए प्रविष्ट साधु बालकको रोता देखकर पूछता है यह क्यों रोता है भूखा है तो दूध पिलाओ पीछे मुझे भिक्षा दो ं या यह पूछनेपर कि बालक क्यों रोता है ? गृहिणी कहती है, हमारी धाय दूसरेके यहाँ चली गयी है ं तो साधु पूछता है कि तुम्हारी धाय कैसी है वृध्दा या जवान, गोरी या काली, मोटी या पतली ं मैं उसे खोजक लाऊँगा ं इस तरहसे प्राप्त भोजन धात्री दोषसे दूषित होता हैंं २०ं

आगे दूत और निमित्त दोषको कहते हैं ---

---

१. खेलास्वापनक्षीराम्बु भ. कु. च.

घ्धाई दूइ निमित्ते आजीव वणीमगे तिगिच्छा य

कोहे माणे माया लोभे य हवंति दस ए ए

पुव्विं पच्छा संथव विज्जा मंते य चुन्न जोगे य

उप्पायणाइ दोसा सोलसमे मूलकम्मे यं - पिण्डनि. ४०८- ९ गा.

दूतोऽशनादेरादानं संदेशनयनादिना

तोषिताद्दातुरष्टाङनिमित्तेन निमित्तकम् २१

दूत: दोषत्वं चास्य दूतकर्मशासनदूषणात् उक्तं च -

जलस्थलनभ:स्वान्यग्रामस्वपरदेशत:

सम्बन्ध वचसो नीतिर्दूतदोषो भवेदसौ [ ]

अष्टाग्ङनिमित्तेन - व्यञ्चनादिदर्शनपूर्वकशुभाशुभज्ञानेन तत्र व्यञ्जनं - मसकतिलकादिकम् अग्ङंकरचरणादि स्वर: - शब्द: छिन्नं - खड्गादिप्रहारो वस्त्रादिछेदो वा भौमं - भूमिविभाग: आन्तरिक्ष - मादिन्यग्रहाद्युदयासतमनम् लक्षणं - नन्दिकावर्तपद्मचक्रादिकम् स्वप्न: सुप्तस्य हस्ति - विमानमहिषारोहणादि- दर्शनम् भूमिगर्जनं दिग्दाहादेरत्रैवात्नर्भाव: उक्तं च -

लाञ्छनाग्ङस्वरं छिन्नं भौमं चैव नभोगतम्

लक्षणं स्वप्नतश्चेति निमित्तं त्वष्टधा भवेत् [ ]

दोषत्वं चात्र रसास्वादनदैन्यादिदोषदर्शनात् २१

किसी सम्बन्धीक मौखिक या लिखित सन्देशके पहूँचाने आदिसे सन्तुष्ट हुए दातासे भोजन आदि ग्रहण करना दूत दोष है २१

विशेषार्थ - मूलाचारमें कहा है -जिस ग्राममें या जिस देशमें साधु रहता हो वह उसका स्वग्राम और स्वदेश है साधु जल- थल या आकाशसे, स्वग्रामसे परग्राम या स्वदेशसे परदेश जाता हो तो कोई गृहस्थ कहे कि महाराज ! मेरा यह सन्देश ले जाना उस सन्देशको पानेवाला गृहस्थ यदि प्रसन्न होकर साधुको आहार आदि दे और वह ले तो उसे दूती दोष लगता है

महानिमित्त आठ हैं - व्यंजन, अंग, स्वर, छिन्न, भौम, अन्तरीक्ष, लक्षण, स्वप्न शरीरके अवयवोंको अंग कहते हैं उनपर जो तिल, मशक आदि होते हैं उन्हें व्यंजन कहते हैं शब्दको स्वर कहते हैं तलवार आदिके प्रहारको या वस्त्र आदिके छेदको छिन्न कहते हैं भूमिभागको भौम कहते हैं सूर्य आदिके उदय- अस्त आदिके छेदको कहते हैं शरीरमें जो कमल चक्र आदि चिह्न होते हैं उन्हें लक्षण कहते हैं स्वप्न तो प्रसिध्द है इन आठ महानिमित्तोंके द्वारा भावी शुभाशुभ बतलाकर यदि भोजनादि

प्राप्त किया जाता है तो व निमित्त नामक उत्पादन दोष है॰ पिण्डनिर्युक्ति (गा. ४३६) में निमित्त दोषक बुराई बतलानेके लिए एक कथा दी है - एक ग्रामनायक परदेश गया॰ उसकी पत्नीने किसी निमित्तज्ञानी साधुसे अपने पतिकी कुशलवार्ता पूछी॰ उसने बताया कि वह शीघ्र आयेगा॰ उधर परदेशमें ग्रामनायकके मनमें हुआ कि मैं चुपचाप एकाकी जाकर देखूँ कि मेरी पत्नी दु:शीला है या सुशीला॰ उधर ग्राममें सब लोग साधुके कथनानुसार उसकी प्रतीक्षा करते बैठे थे॰ जैसे ही वह पहूँचा सब आ गये॰ उसने पूछा - तुम लोगोंको मेरे आनेका

---

१. सम्बन्धि भ. कु. च.॰

२. स्वपनश्चेति - भ. कु. च.॰

३.जलथलआयासगदं सयपरगामे सदेसपरदेसे॰

संदंधिवयणणयणं दूदीदोसो हवदि एर्सो - ६॰ २९

अथ वनीपकाजीवदोषावाह -

दातु: पुण्यं श्वादिदानादस्त्येवेत्यनुवृत्तिवार्क्

वनीपकोक्तिराजीवो वृत्ति: शिल्पकुलादिना॰ २२॰

दातुरित्यादि - शुनक- काक- कुष्टाद्यार्तमध्याह्नकालागतमांसाद्यासक्तद्विजदीक्षोपजीवि- पार्श्वस्थतापसादि- श्रमणछात्रादिभ्यो दत्ते पुण्यमस्ति न वेति दानपतिना पृष्ठे सत्यस्त्येवेन्यनुकूलवचनं भोजनाद्यर्थ वनीपकवचनं नाम दोषो दीनत्वादिदोषदर्शनात्॰ उक्तं च -

साण - किविण - तिहि- माहण- पासंडिय - सवण - कागदाणादी॰

पुण्णं ण वेति पुड्ढे पुण्णं तिय वणिवयं वयणं॰[मूलाचार गा. ४५१]

वृत्तिरित्यादि - हस्तविज्ञान - कुल - जात्यैश्वर्यतपोऽनुष्ठानान्यसात्मनो निर्दिश्य जीवनकरणमित्यर्थ :॰ उक्तं च -

आजीवस्तप ऐश्वर्य शिल्पं जातिस्तथा कुलम्॰

तैस्तूत्पादनमाजीव एष दोष: प्रकथ्यते॰

दोषत्वं चात्र वीर्यागूहनदीनत्वादिदोषदर्शनात्॰ २२॰

अथ हस्तिकल्पादिनगरजाताख्यानप्रकाशनमुखेन क्रोधादिसंज्ञाश्चतुरो दोषानाह -

---

पता कैसे लगा॰ सब बोले - तुम्हारी पत्नीने कहा था॰ उस समय वह साधु भी उसके घरमें उपस्थित था॰ पतिने पत्नीसे पूछा -- तुमने मेरा आना कैसे जाना ? कह बोली - साधुके निमित्तज्ञानसे जाना॰ तब उसने

पुन: पूछा - उसका विश्वास कैसे किया ? पत्नी बोली - तुम्हारेसाथ मैंने पहले जो कुछ चेष्टाएँ कीं, वार्तालाप किया, यहाँ तक कि मेरे गुह्य प्रदेशमें जो चिह्न है वह सब साधुने सच - सच बतला दिया तब वह क्रुध्द होकर साधुसे बोला - बतलाओ इस घोडीके गर्भमें क्या है ? साधुने कहा - पाँच रंगका बच्चा उसने तुरन्त घोडीका पेट फाड डाला उसमें - से वैसा ही बच्चा निकला तब उसने साधुसे कहा - यदि तुम्हारा कथन सत्य न निकलता तो तुम भी जीवित न रहते अत: साधुको निमित्तका प्रयोग कभी नहीं करना चाहिए २१

वनीपक और आजीव दोषको कहते हैं -

कुत्ते आदिको दान करनेसे पुण्य होता ही है इस प्रकार दाताके अनुकुल वचन कहकर भोजन प्राप्त करना वनीपकवचन नामक दोष है अपने हस्तविज्ञान, कुल, जाति, ऐश्वर्य, तप आदिका वर्णन करकेभोजन प्राप्त करना आजीव नामक दोष है २२

विशेषार्थ - तात्पर्य यह है कि दाताने पूछा - कुत्ता, कौआ, कुष्ट आदि व्याधिसे पीडित अतिथि, मध्याह्न कालमें आये भिक्षुक, मांसभक्षी ब्राह्मण, दीक्षासे जीविका करनेवाले पार्श्वस्थ तापस आदि श्रमण, छात्र आदिको दान देनेमें पुण्य है या नहीं ? भोजन प्राप्त करनेके लिए घ्अवश्य पुण्य हैङ ऐसा कहना वनीपक वचन नामक दोष है क्योंकि उसमें दीनता पायी जाती है वनीपकका अर्थ है याचक - भिखारी भिखारी- जैसे वचन बोलकर भोजन प्राप्त करना दोष है मूलाचारमें भी ऐसा ही कहा है २२

आगे हस्तिकल्प आदि नगरोंमें घटित घटनाओंकेप्रकाशन द्वारा क्रोध,मान, माया, लोभ नामकेचार दोषोंको कहते हैं -

क्रोधादिबलाददलत्र्चत्वारस्तदभिधा मुनेर्दोषा:
पुरहस्तिकल्पवेन्नातटकासीरासीयनवत् स्यु: २३

तदभिधा: -- क्रोध-मान-माया-लोभनामान: कासी-वारणासी कथास्तूत्प्रेक्ष्य वाच्या: २३

अथ पूर्वसंस्तव-पश्चात्संस्तवदोषावाह ---

हस्तिकल्पपुर, वेन्नातट, कासी और रासीयन नामकेनगरोंकी तरह क्रोध, मान, माया और लोभके बलसे भोजन प्राप्त करनेवाले मुनिकेक्रोध, मान, माया, लोभ नामकेदोष होते हैं २३

विशेषार्थ -- यदि साधु क्रोध करकेभिक्षा प्राप्त करता है तो क्रोध नामका उत्पादन दोष होता है यदि मान करकेभिक्षा प्राप्त करता है ता मानदोष होता है यदि मायाचार करकेभिक्षा उत्पन्न करता है तो माया नामक उत्पादन दोष होता है यदि लोभ दिखलाकर भिक्षा प्राप्त करता है तो लोभ नामक उत्पादन दोष होता है हस्तिकल्प नगरमें किसी साधुने क्रोध करकेभिक्षा प्राप्त की थी वेन्नातट नगरमें किसी साधुने मानसे भिक्षा प्राप्त की थी वाराणसीमें किसी साधुने मायाचार करके भिक्षा प्राप्त की थी राक्षियानमें किसी साधुने लोभ बतलाकर भिक्षा प्रप्त की थी मूलाचारमें (६/३५) इन नगरोंका उल्लेख मात्र है और टीकाकारने केवल इतना लिखा है कि इनकी कथा कह लेना चाहिए पिण्डनिर्युक्तिमें (गा.४६१) उन नगरोंका नाम हस्तकल्प, गिरिपुष्पित, राजगृह औच चम्पा दिया है और कथाएँ भी दी हैं -

